17/4/2020

A.B.M College Golmuri

Part 'B' Pol. Sc Ch - 3

# नियोजित विकास की राजनीति

## Objective Type Questions —

1) 1938 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नियोजन समिति का गठन किसने किया?

Ans → सुभाष चन्द्र बोस

2) भारत में योजना आयोग का अध्यक्ष कौन है?

Ans → प्रधान मंत्री

3) 'सामाजिक न्याय के साथ विकास' का सूत्र किस पंचवर्षीय योजना में अपनाया गया?

Ans → चौथी पंचवर्षीय योजना

4) राष्ट्रीय विकास परिषद् की स्थापना कब हुई?

Ans → 1952 में

5) हरित क्रांति का क्या दुष्प्रभाव हुआ?

Ans → सामाजिक तनावों की बढ़ोतरी

6) हमारी नियोजन व्यवस्था किस विचारधारा पर आश्रित है?

Ans → लोकतांत्रिक समाजवाद

7) किसने नए आर्थिक हितों को उभारा?

Ans → सार्वजनिक क्षेत्र ने

Scanned by CamScanner

8/ भारत में हरित क्रांति के जनक कौन थे?
Ans → एम० एस० स्वामीनाथन

9/ दस सूत्री कार्यक्रम किसके द्वारा शुरू किया गया?
Ans → प्रधान मंत्री इंदिरा गाँधी

10/ योजना आयोग की स्थापना कब हुई?
Ans → 1950 में

11/ किस पंचवर्षीय योजना में 'गरीबी हटाओ' को विशेष स्थान दिया गया?
Ans → पांचवी पंचवर्षीय योजना (1974–79)

12/ 'गरीबी हटाओ' का नारा किसने दिया?
Ans → प्रधान मंत्री इंदिरा गाँधी ने

13/ किस भारतीय प्रधान मंत्री की सरकार ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया?
Ans → प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने।

14/ दूसरी पंचवर्षीय योजना की रचना के समय प्रधान मंत्री पंडित नेहरू के मुख्य सलाहकार कौन थे?
Ans → पी० सी० महालनोबिस

Scanned by CamScanner

classmate
Date
Page

# Pol. sc Part 'B' Ch – 3

## Short Answers –

Q 1) पहली पंचवर्षीय योजना (1951–56) में किन्हें प्राथमिकता दी गई ?

Ans ⟹ पहली पंचवर्षीय योजना में कृषि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई, साथ ही बांध सिंचाई और विद्युत की परियोजनाओं पर भी बल दिया गया।

Q 2) आदेशित अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं ?

Ans ⟹ सोवियत संघ जैसे समाजवादी देश में सारी अर्थव्यवस्था पर राज्य का एकमात्र प्रभुत्व स्थापित हो गया, निजी अर्थव्यवस्था वर्जित कर दी गई।

Q 3) मिश्रित अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं ?

Ans ⟹ राज्य के कठोर नियंत्रण के अधीन निजी अर्थव्यवस्था बनी रहती है। सार्वजनिक क्षेत्र व निजी क्षेत्र के उद्यमों के बीच प्रतियोगिता व सहयोग भी होता है।

Q 4) भारत की नियोजन व्यवस्था किस विचारधारा से प्रेरित है ?

Ans ⟹ भारत की नियोजन व्यवस्था लोकतांत्रिक समाजवाद की विचारधारा से प्रभावित है।

Scanned by CamScanner

Part 'B' Ch-3

classmate
Date
Page

Q 5) 'बॉम्बे प्लान' किसे कहा जाता है?

Ans → 1938 में कांग्रेस के अध्यक्ष सुभाष चंद्र बोस ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में राष्ट्रीय नियोजन ~~कमेटी~~ कमेटी का गठन किया। तब बंबई के कुछ बड़े उद्योगपतियों ने 1944 में अपनी योजना तैयार की। इसमें कहा गया कि भारत सरकार औद्योगिक तथा अन्य आर्थिक क्षेत्रों का विकास करे।

Q 6) भारत में नियोजन के मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans → भारत में नियोजन के उद्देश्य निम्न प्रकार से है —

(i) राज्य सभी को आजीविका के साधन जुटायेगा।

ii) राष्ट्रीय सम्पदा के संकेन्द्रण को रोकेगा।

iii) सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था करेगा।

iv) समाज के दुर्बल व पिछड़े वर्गों का कल्याण करेगा।

v) काम की मानवीय दशाएँ स्थापित करेगा।

Scanned by CamScanner

Part 'B' Chr 3

classmate
Date
Page

Q 7) योजना से आप क्या समझते हैं?

Ans → किसी कार्य को पूरा करने के लिए या लक्ष्य को पाने योजनाबद्ध तरीके का प्रयोग करना ही योजना कहलाता है।

Q 8) योजना आयोग के क्या कार्य हैं?

Ans → योजना आयोग के कार्य निम्न प्रकार से हैं — (i) देश के भौतिक स्रोतों पूँजी और मानव संसाधनों का आकलन करना, (ii) विकास की राष्ट्रीय ~~आव~~ प्राथमिकताओं को निर्धारित करना तथा (iii) संसाधनों के आवंटन के संबंध में परामर्श देना।

Q 9) सार्वजनिक क्षेत्र का विस्तार क्यों किया गया?

Ans → अर्थव्यवस्था के मूल क्षेत्रों के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र का विस्तार किया गया।

Scanned by CamScanner